**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3021**
**09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्रों की स्थापना**

**3021. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण आबादी की स्वास्थ्य देखरेख को विकसित करने के उद्देश्य से वर्ष 2022 तक सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आज तक देश के प्रत्येक जिले में स्थापित किए गए ऐसे केंद्रों की कुल संख्या कितनी है और तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्यक्रम में आज तक कितनी प्रगति हुई है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (घ): फरवरी 2018 में, भारत सरकार ने दिसंबर 2022 तक देश भर में 1,50,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) पूर्ववर्ती आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) स्थापित करने की घोषणा की थी। एएएम पोर्टल में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई अद्यतन जानकारी के अनुसार दिनांक 31.07.2024 तक कुल 1,73,881 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित और कार्यशील किए गए हैं, जिन्हें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मौजूदा उप-स्वास्थ्य केंद्रों (एसएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को तब्दील करके बनाया गया है, जिनमें पूर्ण 12 सेवाओं के पैकेज के साथ विस्तारित श्रृंखलाबद्ध निवारक, प्रोत्साहक, उपचारात्मक, उपशामक और पुनर्वास सेवाओं सहित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सार्वभौमिक तौर पर, निःशुल्क और समुदाय के करीब प्रदान की जाती हैं।

दिनांक 31.07.2024 तक संचालनरत किए गए एएएम की जिलेवार संख्या https://ab-hwc.nhp.gov.in/Home/Implementation_hwc_state पर उपलब्ध है।

दिनांक 31.07.2024 तक की स्थिती के अनुसार, इन एएएम पर कुल 317.34 करोड़ लोग स्वास्थ्य सेवाओं हेतु आए। दिनांक 31.07.2024 तक कुल 84.28 करोड़ उच्च रक्तचाप जांचें, कुल 74.18 करोड़ मधुमेह जांचें, कुल 49.88 करोड़ मुख-कैंसर जांचें, कुल 22.87 करोड़ स्तन-कैंसर जांचें, कुल 15.13 करोड़ गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांचें की गई, योग सहित कुल 3.98 करोड़ आरोग्य सत्र और कुल 26.39 करोड़ टेलीकन्सल्टेशन आयोजित किए गए।

******